नव भारत
1934 से

# कीर्तिमान स्थापित कर रहा है रेलवे

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली देश के 75 अमृत स्टेशनों का किया लोकार्पण

**13 मप्र के स्टेशनों मे टीकमगढ़ भी शामिल**

- सांदीपनि विद्यालय आधुनिक शिक्षा के केन्द्र साबित होंगे
- नदी जोड़ो परियोजना से खुलेंगे बुंदेलखंड में समृद्धि के द्वार




**टीकमगढ़ 17 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत पुनर्विकसित मध्यप्रदेश के 13 अमृत स्टेशनों समेत देश के कुल 75 स्टेशनों का उद्घाटन एक ऐतिहासिक पल है, यह रेलवे क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास का एक नया कीर्तिमान स्थापित करने वाला कदम है.**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर-कमलों द्वारा इन स्टेशनों का लोकार्पण हमारे लिए अत्यंत गर्व का विषय है. यह पहल प्रधानमंत्री श्री मोदी की दूरदर्शी सोच और नए भारत के निर्माण और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक और ठोस कदम है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव टीकमगढ़ में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्विकसित टीकमगढ़ स्टेशन के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 75 अमृत स्टेशनों के लोकार्पण को भारतीय रेल के इतिहास का युगांतकारी दिन बताते हुए कहा कि भारतीय रेलवे के इतिहास में इस क्षण को स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाएगा. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश तेजी से बदल रहा है. उन्होंने देश के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि रेलवे की शुरूआत से आज तक जो रेलवे में बदलाव आया है इसके लिए देश के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों ने अपना अमूल्य योगदान दिया है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज देश में हाईड्रोजन रेल की शुरूआत हुई है और राज्य में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित 13 स्टेशनों का लोकापर्ण हुआ है. उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से यह रेलवे स्टेशन देश के प्रगति का पथ बनेंगे.

### 20 राज्यों के 75 स्टेशन हुए शामिल

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत टीकमगढ़ सहित 20 राज्यों के 75 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन किया जो कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो विश्व के सबसे बड़े स्टेशन पुनर्निर्माण कार्यक्रमों में से एक है. 1570 करोड़ की लागत से विकसित इनको आधुनिक और यात्री-अनुकूल सुविधाओं में विकसित किया गया है. स्टेशनों में संस्कृति और वास्तुकला को दर्शाने वाले तत्व शामिल किए गए हैं.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना के माध्यम से आने वाले समय में सरकारी बसों के संचालन की व्यवस्था की जाएगी. इसके तहत ऐसे मार्गों पर बसों का संचालन होगा जहां निजी बस संचालक बसें संचालित नहीं करते. उन्होंने का कि एक देश एक विधान एक प्रधान के तहत सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून व्यवस्था लागू करते हुए प्रदेश में एक समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू किया जाएगा. जिसके लिए दस लाख से अधिक नागरिकों से सुझाव लिए गए हैं. टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत व्यापक रूप से विकसित होकर आधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त, आकर्षक एवं विरासत आधारित स्टेशन के रूप में स्थापित हुआ है.

# 3 .50 करोड़ का 18 क्विंटल गांजे से भरा ट्रक पकड़ाया

नवभारत न्यूज

**रीवा, 17 जुलाई. नशे के विरूद्ध चलाई गई मुहिम का असर रीवा जिले के देखने को मिला है. रीवा जोन आईजी गौरव राजपूत के मार्गदर्शन में रीवा पुलिस नें एमडी ड्रग्स के बाद अवैध मादक पदार्थ गांजे से भरा पूरा का पूरा ट्रक ही पकड़ लिया है.**



रीवा एसपी गुरूकरण सिंह द्वारा किए गये खुलासे के मुताबिक मनगवां पुलिस ने गांजे से भरा एक ट्रक पकड़ा है, जिसमें लोड 18 क्विंटल गांजा बरामद किया गया. एसपी के मुताबिक बरामद गांजे की कीमत साढे तीन करोड़ आंकी गई है. दरअसल यह कार्यवाही गुरूवार की रात रीवा की मनगवां थाना पुलिस टीम नें की है. बताया गया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर एक ट्रक को पकड़ा गया. तलाशी के दौरान पहले ट्रक में ऊपर से तो मक्के की बोरिया लोड मिली, लेकिन जब अंदर देखा गया तो गांजे के पैकेट मिले. पुलिस ने ट्रक की तलाशी में साडे तीन करोड का कुल 18 क्विंटल गांजा बरामद किया है. वही मौके से दो तस्करों को भी गिरफतार किया गया है, जिनकी पहचान उत्तरप्रदेश के मिर्जापुर निवासी के रूप में की गई. एसपी की मांने तो गांजे की यह खेप उडीसा से चलकर आ रही थी, जिसे रीवा के मनगवां थाना क्षेत्र में पकडा गया है. पुलिस फिलहाल अब पकडे गए तस्करों से पूछताछ कर पकडी गई गांजे की खेप के संबंध में पूंछताछ कर रही है और गांजा तस्करी से जुडे पूरे नेटवर्क का पता लगाने का प्रयास कर रही है.

बता दें कि नशे के विरूद्ध रीवा पुलिस की यह प्रदेश में चलाए जा रहे अभियान में अब तक की सबसे बडी कार्यवाही है.



### सेंवड़ा चुंगी पर एसपी ने किए कार से 16 लाख जप्त

**दतिया.** दतिया पुलिस ने सेंवड़ा चुंगी पर एक लक्ज़री कार से 16 लाख रुपये बरामद किए. इस दौरान दतिया एसपी मयूर खंडेलवाल भी मौके पर मौजूद थे. जब चेकिंग के दौरान कार से मिली राशि के बारे कार सवार युवक से पूछताछ की गई तो उसने इंदरगढ़ में जमीन खरीदने के लिए रुपये ले जाने की बात कही. ये रकम पुलिस ने जब्त कर ली है.

# विंध्य को विकसित क्षेत्र बनाना लक्ष्य : शुक्ल

**भोपाल, 17 जुलाई . अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश के 75 और मध्यप्रदेश के 13 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल लोकार्पण किया.**



इस अवसर पर ब्यौहारी रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि विंध्य क्षेत्र को देश के सबसे विकसित क्षेत्रों में शामिल करना सरकार का प्रमुख लक्ष्य है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने के लिए प्रदेश में परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य किए जा रहे हैं. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अमरकंटक, चित्रकूट, मैहर, बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान, संजय टाइगर रिजर्व और मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी जैसे धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के विकास से विंध्य क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी. उन्होंने बताया कि रीवा से कोलकाता और भोपाल के लिए हवाई सेवाओं का विस्तार तथा कटनी-सिंगरौली रेल लाइन के दोहरीकरण जैसे कार्य क्षेत्रीय विकास को गति देंगे. सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की डबल इंजन सरकार विकास कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ा रही है.

### एक नजर में

#### डॉक्टर पति पर फिनायल पिलाने का लगाया आरोप

**दमोह, 17 जुलाई . सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की क्रिश्चियन कॉलोनी में रहने वाली 24 वर्षीय नवविवाहिता को जहरीला पदार्थ पीने के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया. पीड़िता और उसके मायके पक्ष ने पति, सास और ससुर पर दहेज प्रताड़ना तथा जबरन फिनायल पिलाने का आरोप लगाया है. पुलिस ने महिला के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है.**पीड़िता शिवानी राय की मां पार्वती राय ने बताया कि उनकी बेटी की शादी 30 अप्रैल 2026 को दमोह निवासी वेटरनरी डॉक्टर मनीष राय से हुई थी. उनका आरोप है कि शादी के बाद से पति, सास और ससुर लगातार 20 लाख रुपये की कार की मांग कर रहे थे.

# खंडेलवाल और पटवारी का ट्रेन में मंथन



**दतिया, 17 जुलाई. दतिया विधानसभा उपचुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी के बीच शुक्रवार को दिलचस्प तस्वीर सामने आई। चुनावी कमान संभालने दतिया आ रहे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी संयोगवश एक ही ट्रेन से दतिया पहुंचे.**

यात्रा के दौरान दोनों नेताओं का आमना-सामना हुआ तो राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के बीच आत्मीय बातचीत भी देखने को मिली. ट्रेन की बोगी में दोनों नेताओं ने कुछ देर तक चर्चा की। हालांकि बातचीत किन विषयों पर हुई, इसकी कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं और राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई हैं।

यह मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब दतिया विधानसभा उपचुनाव भाजपा और कांग्रेस, दोनों के लिए प्रतिष्ठा का चुनाव माना जा रहा है। दोनों दलों के प्रदेश अध्यक्ष स्वयं चुनावी मोर्चा संभाल रहे हैं। वे कार्यकर्ताओं की बैठकों, जनसंपर्क, संगठन को मजबूत करने, नाराज नेताओं को साधने और चुनावी रणनीति को धार देने में जुटे हैं।

चुनावी आरोप-प्रत्यारोप और तीखी बयानबाजी के बीच ट्रेन में हुई यह मुलाकात लोकतांत्रिक शिष्टाचार का संदेश भी देती नजर आई। अब राजनीतिक नजरें

# नशे में भाई ही बना भाई का कातिल

- बड़े भाई ने की मोगरी से पीटकर छोटे भाई की हत्या

**रतलाम, 17 जुलाई.** लक्ष्मणपुरा क्षेत्र में एक ऐसा हत्याकांड सामने आया जिसने रिश्तों को ही कटघरे में खड़ा कर दिया। शराब के नशे में हुए विवाद के बाद बड़े भाई ने अपने ही छोटे भाई की कपड़े धोने की मोगरी से बेरहमी से पिटाई कर दी. गंभीर रूप से घायल युवक को पहले मेडिकल कॉलेज और फिर इंदौर रेफर किया गया, जहां शुक्रवार सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. घटना के बाद पुलिस ने मकान सील कर हत्या में प्रयुक्त मोगरी जब्त कर ली है. औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस के अनुसार गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात लक्ष्मणपुरा निवासी त्रिलोकचंद महावर और उसके छोटे भाई विमल महावर के बीच शराब पीने के बाद किसी बात को लेकर विवाद हो गया.

# जबलपुर समेत बेंगलुरु, नोएडा में सीबीआई की छापेमारी

**75 लाख नकद और 697 ग्राम सोना**

**04 लाख की विदेशी मुद्रा जप्त**

**जबलपुर, 17 जुलाई.** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने नोएडा में रिश्वतखोरी के एक मामले में सफल जाल बिछाकर केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम कर्नाटक एंटीबायोटिक्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड , बेंगलुरु के प्रबंध निदेशक को गिरफ्तार किया है. जबलपुर, बेंगलुरु, नोएडा में आरोपी के आवासीय और कार्यालय परिसरों में तलाशी ली गई. नोएडा और बेंगलुरु स्थित कार्यालय कक्ष से लगभग 75 लाख नकद और 4 लाख रुपये विदेशी मुद्रा जब्त की.

### बैंक के पूर्व मैनेजर ने किया 6 लाख का गबन

**जबलपुर.** ईओडब्ल्यू ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र की बेनीखेड़ा शाखा के तत्कालीन शाखा प्रबंधक (ब्रांच मैनेजर) प्रीतम कुमार बेहरा के खिलाफ धोखाधड़ी और 6 लाख के गबन का मामला दर्ज किया है. मैनेजर ने अपनी कुर्सी और रसूख का दुरुपयोग कर न केवल बैंक को चूना लगाया.

# विकास पर 504 करोड़ खर्च करेगा एमपी एग्रो

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 17 जुलाई. एमपी. स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा वर्ष 2026-27 में निगम की विभिन्न विकास गतिविधियों पर 504 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे.**

इस आशय का प्रस्ताव उद्यानिक एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री एवं निगम के अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में एमपी एग्रो कार्यालय के सभागार में संचालक मंडल की 203वीं बैठक में पारित किया गया। मंत्री कुशवाहा ने कहा कि निगम किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, गुणवत्तापूर्ण कृषि यंत्रों तथा सिंचाई सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ कृषि क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी उन्नयन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है. उन्होंने निर्देश दिए




कि स्वीकृत विकास योजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए,

# पैसा जुटा, पर इलाज नहीं... अनिका के लिए हाईकोर्ट सख्त

- हर बीतता दिन मासूम की सेहत पर पड़ रहा भारी
- उपचार में देरी पर एम्स से 23 जुलाई तक मांगा जवाब

नवभारत न्यूज

**इंदौर. तीन वर्षीय अनिका शर्मा के इलाज के लिए 7.5 करोड़ रुपए से अधिक जुट चुके हैं, लेकिन दुर्लभ बीमारी से जूझ रही मासूम का उपचार अब तक शुरू नहीं हो सका.**



इस पर मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने सख्त रुख अपनाते हुए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली को 23 जुलाई तक जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं.

स्पाइनल मस्क्युलर एट्रोफी (एसएमए) टाइप 2 से पीड़ित अनिका की ओर से दायर याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई. जस्टिस संदीप एन. भट्ट की एकलपीठ ने एम्स की ओर से लगातार जवाब दाखिल नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई और स्पष्ट किया कि जीवन से जुड़े ऐसे मामलों में अब और देरी स्वीकार नहीं की जाएगी, मामले की अगली सुनवाई 27 जुलाई को होगी. याचिका में बताया गया है कि अनिका के इलाज पर करीब 9.5 करोड़ रुपए का खर्च आएगा. परिवार को केंद्र सरकार से 50 लाख रुपए की सहायता स्वीकृत हो चुकी है, जबकि सामाजिक संस्थाओं और आम लोगों के सहयोग से जनसहयोग अभियान के जरिए 7.5 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जुटाई जा चुकी है. अब उपचार के लिए करीब एक से डेढ़ करोड़ रुपए और जुटाने होंगे. परिजनों का कहना है कि एम्स प्रशासन ने केंद्र सरकार से स्वीकृत सहायता राशि की स्थिति स्पष्ट होने के बाद ही जीवनरक्षक इंजेक्शन उपलब्ध कराने वाली कंपनी से इनवॉइस मंगाने की बात कही है.

दूसरी ओर, इनवॉइस नहीं मिलने से जनसहयोग से जुटाई गई राशि भी जारी नहीं हो पा रही है. नतीजतन, धन उपलब्ध होने के बावजूद इलाज शुरू नहीं हो सका. सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता चंचल गुप्ता और लखन शर्मा ने अदालत को बताया कि पिछली सुनवाइयों में भी केंद्र सरकार, राज्य सरकार और एम्स की ओर से लगातार समय मांगा जाता रहा है.

# नशे से दूरी है जरूरी 2 .0' अभियान के तहत एमएलबी में कार्यक्रम आयोजित




नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 17 जुलाई।** महारानी लक्ष्मीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना और उन्हें एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

प्राचार्य ने युवाओं को किताबों से जुड़ने का दिया संदेश

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हरीश अग्रवाल ने युवाओं से स्पष्ट आह्वान किया कि वे किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें। उन्होंने छात्रों को नशे की लत से बचने और अपना ध्यान रचनात्मक कार्यों व किताबों से जुड़ने पर केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

**नशा प्रगति में सबसे बड़ी बाधा:**प्रशासनिक अधिकारी प्रो. रियाज़ अली ने अपने उद्बोधन में कहा कि नशा केवल एक व्यक्तिगत बुराई नहीं है, बल्कि यह परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में सबसे बड़ी बाधा है। वहीं, प्रो. कुसुम भदोरिया ने नशे को एक गंभीर बीमारी करार देते हुए कहा कि यह व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को पूरी तरह से नष्ट कर देती है।

**नशे के कारण और दुष्प्रभाव :**कार्यक्रम संयोजक प्रो. दीपक शर्मा ने नशे के कारणों और प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि तनाव, गलत संगत, अनुवांशिकता और मानसिक दबाव नशे की लत के प्रमुख कारण हैं। उन्होंने सचेत किया कि नशे की गिरफ्त में आने वाले युवाओं में अनियमित धड़कन, उच्च रक्तचाप, सीने में दर्द, सांस फूलने और लगातार खांसी जैसी समस्याएं देखी जाती हैं। साथ ही, ऐसे युवा अक्सर हिंसक व्यवहार करने लगते हैं।

डॉ. कपिल कौरव ने विभिन्न नशीले पदार्थों जैसे शराब, तंबाकू, गुटखा, गांजा आदि के खतरों को रेखांकित करते हुए कहा कि शुरुआत में शौक या फैशन के रूप में शुरू हुई यह आदत कब लत बन जाती है, पता ही नहीं चलता। डॉ. ज्योत्सना राजपूत ने कहा कि नशे से व्यक्ति अपना स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सम्मान खो देता है। डॉ. अनीता मेवाफरोश ने बताया कि नशा न केवल पारिवारिक रिश्तों में कड़वाहट पैदा करता है, बल्कि यह एचआईवी जैसे गंभीर रोगों के खतरे को भी बढ़ाता है और युवा बेरोजगारी की ओर अग्रसर होता है। **जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी:**कार्यक्रम के अंत में नशे के विरुद्ध एक जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली को एनसीसी अधिकारी डॉ. कपिल कौरव, एनएसएस अधिकारी डॉ. ज्योत्सना राजपूत और डॉ. अनीता मेवाफरोश ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से युवाओं को नशामुक्त समाज बनाने का संदेश दिया गया।

**20 जुलाई को फिर होगी बहस, यूट्यूब लाइव स्ट्रीमिंग दोबारा शुरू**

# ओबीसी आरक्षण पर हाईकोर्ट में तीसरे दिन भी मैराथन सुनवाई

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश आनंद पाठक व न्यायाधीश विनय सराफ की विशेष युगलपीठ के समक्ष शुक्रवार को ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण से जुड़े करीब 100 मामलों पर लगातार तीसरे दिन मैराथन सुनवाई हुई। अब मामले की नियमित सुनवाई 20 जुलाई को दोपहर 2.30 बजे से होगी। सुनवाई के दौरान यूट्यूब पर लाइव स्ट्रीमिंग पिछले दो दिनों से बंद रहने पर ओबीसी पक्ष के अधिवक्ताओं ने कड़ी आपत्ति जताई, जिसके बाद न्यायालय ने गुरुवार की कार्यवाही का सीधा प्रसारण फिर शुरू करा दिया।



सुनवाई में सामान्य वर्ग के याचिकाकर्ताओं और यूथ फॉर इक्वेलिटी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अमन लेखी और गोपाल शंकर नारायण ने अपनी दलीलें पूरी कीं। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप संचेती की बहस सोमवार को जारी रहेगी। बहस के दौरान 1983 के महाजन आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया कि आयोग ने ओबीसी के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण की अनुशंसा की थी।

### आवारा कुत्तों का किया जाये टीकाकरण या नसबंदी

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस विवेक रूसिया तथा जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने प्रदेश सरकार के नगरीय निकाय तथा गृह विभाग को आवारा कुत्तों का टीकाकरण व नसबंदी करने के निर्देष दिये है। युगलपीठ ने कार्यवाही के संबंध में स्टेटस रिपोर्ट पेष करने के आदेश देते हुए अगली सुनवाई 6 अगस्त को निर्धारित की गयी है। गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने आवारा कुत्तों के आतंक को गंभीरता से लिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने डॉग बाइट और रेबीज की ब ?ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए आवारा कुत्तों का टीकाकरण या नसबंदी करने के निर्देष दिये थे। सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह भी निर्देश दिए थे कि वे सरकारी और निजी संस्थानों की पहचान करें, जिनमें अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, सार्वजनिक खेल परिसर, रेलवे स्टेशन शामिल हैं को चिन्हित करते हुए कार्यवाही करें।

### बीटेक छात्रा की मौत पर हाईकोर्ट ने जांच पर उठाए गंभीर सवाल

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस हिमांशु जोशी की एकलपीठ ने सिंगरौली की बीटेक छात्रा की संदिग्ध मौत की जांच पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा है कि पुलिस विवेचना निष्पक्ष, वैज्ञानिक और भरोसा जगाने वाली नहीं दिखती। न्यायालय ने चार्जशीट दाखिल होने और ट्रायल शुरू हो जाने के कारण सीबीआई अथवा एसआईटी से नए सिरे से जांच कराने से इन्कार कर दिया। हालांकि पीड़ित पक्ष को ट्रायल कोर्ट में आरोपों में संशोधन अथवा नई धाराएं जोड़ने के लिए आवेदन प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता दी है।